### जिला प्रशासन ने एसआईआर को लेकर लघु सचिवालय में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ की बैठक

# मतदाता सूची को त्रुटि रहित बनाने के लिए चलाया जा रहा अभियान

**मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 22 सितंबर को करवाया जाएगा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिला प्रशासन द्वारा एसआईआर को लेकर लघु सचिवालय में विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक का आयोजन किया। बैठक की अध्यक्षता अतिरिक्त उपायुक्त नवीन आहूजा ने की।

अतिरिक्त उपायुक्त नवीन आहूजा ने राजनैतिक दलों के प्रनिधियों को बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार ऐसे मतदान केन्द्र जहां पर मतदाताओं की संख्या 1200 से अधिक है, पर नया मतदान केंद्र बनाए जाने का प्रस्ताव है। नये मतदान केन्द्र पर मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित की जानी है। उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता सूची विशेष पुनरीक्षण अभियान के तहत मतदाता सूची को त्रुटि रहित बनाने व पात्र लोगों के नाम मतदाता सूचियों में सम्मिलित करने के उद्देश्य से विशेष अभियान चलाए जा रहे हैं। बीएलओ द्वारा 14 जुलाई तक घर घर जाकर सर्वे अभियान चलाया जा रहा है।

अभियान का उद्देश्य मतदाता सूचियों से अपात्र व्यक्तियों के नाम हटाना तथा पात्र व्यक्तियों के नाम मतदाता सूचियों में शामिल करवाया जाना है। इस दौरान जिला के प्रत्येक मतदान केन्द्र पर नियुक्त बीएलओ अपने मतदान केन्द्र की मतदाता सूची में वर्णित प्रत्येक मतदाता के घर जाकर गणना फार्म वितरित करेगा तथा फार्म भरने में मतदाता की सहायता करेगा।

अतिरिक्त उपायुक्त ने बताया कि फार्म भरने के उपरान्त बीएलओ गणना फार्म की एक प्रति मतदाता से प्राप्त करेगा। वहीं, मतदाता द्वारा अपने पास रखी गई दूसरी प्रति पर प्राप्ति की पावती पर अपने हस्ताक्षर करेगा।

वापिस प्राप्त होने वाले गणना फार्म के आधार पर निर्वाचक पंजीयन अधिकारियों द्वारा ड्राफ्ट मतदाता सूची तैयार की जाएगी। उन्होंने बताया कि मतदाता सूचियों का प्रारंभिक प्रकाशन 21 जुलाई को किया जाएगा। ड्राफ्ट मतदाता सूचियों पर दावे तथा आपत्तियां 21 जुलाई से 20 अगस्त तक प्राप्त की जाएगी। इसके बाद मतदाता सूचियों का अन्तिम प्रकाशन 22 सितंबर को करवाया जाएगा।



यमुनानगर। जिला सचिवालय में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक में एसआईआर को लेकर जानकारी देते एडीसी नवीन आहूजा। फोटो : हरिभूमि

**बैठक में ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर भाजपा के जिला महामंत्री नरेन्द्र राणा, कांग्रेस पार्टी के देवेन्द्र सिंह, आईएनएलडी के जसबीर सिंह, आम आदमी पार्टी के इन्द्रराज, जेजेपी के बसंत सिंह व सीपीआई के जिला सचिव हरभजन सिंह आदि मौजूद रहे।

# अधिकृत बीएलओ को दें आवश्यक जानकारी

**किसी अनजान व्यक्ति फर्जी कॉल अथवा संदिग्ध मैसेज के झांसे में न आएं**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



उपायुक्त प्रीति।

जिले में चलाए जा रहे एसआईआर अभियान के तहत उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रीति ने जिलेवासियों को साइबर धोखाधड़ी से सतर्क रहने के लिए आहवान किया है। उन्होंने जिलेवासियों को एसआईआर अभियान के तहत अपनी आवश्यक जानकारी केवल अधिकृत किए गए बीएलओ को ही देने के लिए जागरूक किया है।

उपायुक्त प्रीति ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिला में मतदाता सूचियों के पुनरीक्षण का कार्य जारी है। इसके लिए नियुक्त बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) घर घर जाकर मतदाताओं का सत्यापन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जिला के सभी मतदाता यह सुनिश्चित करें कि वे केवल अधिकृत बीएलओ को ही आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराएं। किसी भी अनजान व्यक्ति, फर्जी कॉल या संदिग्ध संदेश के झांसे में न आएं। उन्होंने स्पष्ट किया कि मतदाता सूची पुनरीक्षण प्रक्रिया के दौरान चुनाव आयोग अथवा बीएलओ की ओर से किसी भी मतदाता से बैंक खाते की जानकारी, एटीएम कार्ड नंबर, यूपीआई विवरण, ओटीपी, पासवर्ड अथवा किसी प्रकार की भुगतान संबंधी जानकारी नहीं मांगी जाती है। उपायुक्त प्रीति ने बताया कि चुनाव आयोग ने देशभर में चलाए जा रहे मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान के दौरान संभावित साइबर ठगी को देखते हुए नागरिकों को विशेष रूप से जागरूक रहने की सलाह दी है। यदि कोई व्यक्ति एसआईआर या मतदाता सत्यापन के नाम पर बैंकिंग तथा वित्तीय जानकारी मांगता है तो उसे न दें।

**मतदाता सूची पुनरीक्षण है लोकतांत्रिक प्रक्रिया**

उपायुक्त प्रीति ने कहा कि मतदाता सूची का पुनरीक्षण लोकतांत्रिक प्रक्रिया का महत्वपूर्ण हिस्सा है। इस अभियान का उद्देश्य पात्र नागरिकों का नाम मतदाता सूची में शामिल करना, त्रुटियों का सुधार करना तथा मतदाता सूची को अधिक सटीक और अद्यतन बनाना है। इसलिए नागरिक सहयोग करें लेकिन अपनी व्यक्तिगत और वित्तीय जानकारी की सुरक्षा का भी पूरा ध्यान रखें। उन्होंने बताया कि जिला के चारों विधानसभा क्षेत्रों जगाधरी, रादौर, यमुनानगर व साढौरा में कुल 979 बूथ बीएलओ नियुक्त किए गए हैं। जहां मतदाता सूची पुनरीक्षण संबंधी कार्य संचालित किए जा रहे हैं। सभी बूथों पर नियुक्त बीएलओ निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार कार्य कर रहे हैं। जन सुविधा के लिए हेल्पलाइन नंबर 1950 जारी किया गया है।

### रिटायर्ड एसई हत्याकांड में दो आरोपी गिरफ्तार, जेल में बनाई थी वारदात की योजना

# लूट की नीयत से घुसे थे घर में, बंसल की नींद खुली तो रॉड से हमला कर मार डाला

**पोस्टमार्टम रिपोर्ट में शव पर मिले थे चोट के 17 निशान, कई हड्डियां टूटी थीं**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जठलाना में 18 जून की रात रिटायर्ड एसई जगदीश बंसल की हत्या के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान अजय कुमार और अंकित के रूप में हुई है। दोनों करनाल जिले के गांव घीड के रहने वाले हैं। पुलिस ने बताया कि दोनों ने लूट की नीयत से घर में घुसकर वारदात को अंजाम दिया था लेकिन जब जगदीश बंसल जाग गए तो लोहे की रॉड से हमला कर उनकी हत्या कर दी थी।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आशीष चौधरी ने बताया कि मामले की जांच के लिए अपराध शाखा-1 और अपराध शाखा-2 की संयुक्त टीम बनाई गई थी। टीम ने सीसीटीवी फुटेज, कॉल डिटेल और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों तक पहुंच बनाई। सोमवार रात दोनों को करनाल के गांव घीड के पास से गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में सामने आया कि वारदात की योजना जेल में बनाई गई थी। जठलाना के देवेंद्र, जो किसी अन्य मामले में जेल में है, ने आरोपियों को बताया था कि बंसल घर में अकेले रहते हैं। 18 जून की रात आरोपी दीवार फांदकर बंसल के घर में दाखिल हुए। उनका मकसद चोरी करना था। लेकिन जब बुजुर्ग ने विरोध किया तो आरोपियों ने उन पर हमला कर दिया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में शरीर पर 17 चोटों के निशान और कई हड्डियां टूटने की पुष्टि हुई है। अगले दिन सुबह घर में काम करने वाली रुक्साना ने दरवाजा न खुलने पर पुलिस को सूचना दी थी। पुलिस मौके पर पहुंची और घर के अंदर से शव बरामद किया। मृतक के बेटे की शिकायत पर थाना जठलाना में मामला दर्ज किया गया था। पुलिस के अनुसार अजय पर छह और अंकित पर चार आपराधिक मामले पहले से दर्ज हैं। दोनों को अदालत में पेश कर रिमांड पर लिया गया है।



यमुनानगर। जठलाना में हुई रिटायर एसई की हत्या के मामले में गिरफ्तार किए गए आरोपी युवक। फोटो : हरिभूमि

## पुलिस टीम पर हमले का आरोपी काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

करीब आठ दिन पहले रादौर की डेहा बस्ती में एक आरोपी को गिरफ्तार करने पहुंची पुलिस टीम पर हमला करने के मामले में पुलिस ने एक ओर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को अदालत में पेश कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी। मामले में एक महिला समेत कई आरोपी पहले ही गिरफ्तार किए जा चुके हैं। जबकि अन्य आरोपियों को गिरफ्तार करने के लिए पुलिस उनके संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है।

थाना रादौर प्रभारी इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने बताया कि फरार चल रहे एक ओर आरोपी बिल्ला उर्फ बिल्ला नंबरदार को गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी को अदालत में पेश कर दिया गया है। मामले में अभी तक एक महिला समेत कई आरोपी गिरफ्तार किए जा चुके हैं। अन्य की तलाश की जा रही है। इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने बताया कि 16 जून को करनाल सीआइए की टीम रादौर की डेहा बस्ती में एक नशातस्कर राजेंद्र को पकड़ने पहुंची थी। तब कुछ लोगों ने पुलिस पर ईंटो व पत्थरों से हमलाकर आरोपी को छुड़वा लिया था। जिसके बाद पुलिस ने दर्जनों लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी।



**व्यक्ति पर लाठियों से किया हमला**

**यमुनानगर।** गांव रामपुर खादर बस अड्डे के पास चार युवकों ने गांव के ही सविंदर पर लाठियों से जानलेवा हमला कर दिया। आरोपियों ने उसे जाति सूचक शब्द भी बोले। पुलिस ने मामले की जांच के बाद चारों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। गांव रामपुर खादर निवासी सविंदर ने बूडिया पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि उसका कुछ दिन पहले गांव के भूरा व धर्मवीर के साथ झगड़ा हो गया था। इसके बाद से आरोपी उससे रंजिश रखने लगे। 21 जून को शाम साढ़े छह बजे वह गांव के अड्डे पर किसी काम से खड़ा था। इस दौरान आरोपी भूरा व धर्मवीर ने अपने साथी मोंटी व सुनील के साथ मिलकर उस पर लाठियों से हमला कर दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

## न्यूज डायरी



### ग्रीन पार्क में बनेगी लाइब्रेरी और योगाहाल

**यमुनानगर।** नगर निगम यमुनानगर प्रशासन द्वारा शहर के ग्रीन पार्क में योगाहाल व लाइब्रेरी बनाए जाने का निर्णय लिया है। इस संबंध में नगर निगम के अधिकारियों ने ग्रीन पार्क में लाइब्रेरी व योगाहाल बनाए जाने वाले स्थल का निरीक्षण किया। नगर निगम के उपमंडल अधिकारी मृणाल जयसवाल व जेई अभिषेक सुबह के वक्त ग्रीन पार्क पहुंचे। उन्होंने पार्क स्थित खस्ता हालत हो गए भवन का निरीक्षण किया। उपमंडल अधिकारी मृणाल जयसवाल ने बताया कि भवन में खस्ता हालत कमरों की जगह योगा हाल का निर्माण कार्य करवा दिया जाएगा। इसके अलावा जो दूसरे कमरे हैं उनकी मरम्मत करके उन्हें नया रूप दे दिया जाएगा। उन्होंने जेई को निर्देश दिया कि वह इसका जल्द से जल्द एस्टीमेट तैयार करें। ग्रीन पार्क कॉलोनी वेलफेयर एसोसिएशन के प्रधान दविंद्र मेहता ने बताया कि निगम अधिकारियों को पार्क में महिलाओं के बैठने के लिए किलोपी बनवाने, पार्क की चार दीवारी को ऊंचा करने, टाइलों की मुरम्मत करवाने, लोहे के बैचों पर रंग करवाने, चारों तरफ रंगीन लाइटें लगवाने का भी आग्रह किया गया। मौके पर एसोसिएशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष नरेश मेहता आदि मौजूद रहे।



### डॉ. श्यामा प्रसाद का बलिदान सदैव रहेगा प्रेरणास्रोत

यमुनानगर। भारतीय जनसंघ के संस्थापक एवं प्रखर राष्ट्रवादी चिंतक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर मंगलवार को तिलक नगर में पार्षद विक्रम राणा के निवास पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मेयर सुमन बहमनी ने कार्यकर्ताओं के साथ डा. मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी और उनके जीवन, संघर्ष और राष्ट्र निर्माण में दिए गए योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। मेयर सुमन बहमनी ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी केवल एक राजनीतिक व्यक्तित्व ही नहीं थे। बल्कि वे राष्ट्रवाद, देशभक्ति और राष्ट्रीय एकता के सशक्त प्रतीक थे। उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन देश की सेवा और राष्ट्र की अखंडता को मजबूत करने के लिए समर्पित किया। देशहित के लिए किए गए उनके संघर्ष और बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। इस अवसर पर भाजपा के मंडल अध्यक्ष शुभम राणा,जयपाल धीमान, परवीन कुमार, विवेक शर्मा, जरनैल सिंह,नरेंद्र गोयल, पूजा रानी व बॉबी आदि मौजूद रहे।



### ईश्वर सिंह पलाका का होगा भव्य स्वागतः बापौली

**रादौर।** हरियाणा वाल्मीकि महासभा के सदस्यों की रादौर में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता महासभा के जिला प्रधान ओमपाल बपौली ने की। बैठक में हरियाणा सफाई कर्मचारी आयोग के नवनियुक्त अध्यक्ष ईश्वर सिंह पलाका के सम्मान में 28 जून को रादौर के सफल पैलेस में सम्मान समारोह आयोजित करने का निर्णय लिया गया। महासभा के जिला प्रधान ओमपाल बापौली ने बताया कि बैठक में हरियाणा राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक ईश्वर सिंह पलाका के सम्मान में आयोजित होने वाले सम्मान समारोह को लेकर कार्यकर्ताओं की ड्यूटियां लगाई गई। उन्होंने कहा कि पूर्व विधायक ईश्वर सिंह पलाका को हरियाणा राज्य सफाई कर्मचारी आयोग का अध्यक्ष बनाया जाना पूरे सफाई कर्मचारी एवं वाल्मीकि समाज के लिए गर्व की बात है। उनके सम्मान में आयोजित कार्यक्रम समाज की एकता और सम्मान का प्रतीक होगा। महासभा के जिला प्रधान ओमपाल बापौली ने कहा कि आयोग के नवनियुक्त अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक ईश्वर सिंह पलाका का भव्य स्वागत व सम्मान किया जाएगा। उन्होंने सभी से सम्मान समारोह में अधिक से अधिक संख्याम में पहुंचने की अपील की। इस अवसर पर सतीश कुमार सरपंच घिलौर, रमेश कुमार लाडवा, रामनाथ बापौली, विक्रम वाल्मीकि,जसविंदर भोगपुर, मानू लाल छप्पर, बलवान बॉबी, मुकेश प्रधान व राममूर्ति इंद्री आदि मौजूद रहे।

### निःशुल्क शिविर में 101 लोगों का जांचा स्वास्थ्य

**रादौर।** नवीन जिंदल फाउंडेशन द्वारा संचालित की जा रही मोबाइल मेडिकल यूनिट के तत्वावधान में गांव बहादुरपुरा व जयपुर में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविरों का आयोजन किया गया। दोनों स्थानों पर आयोजित शिविरों में चिकित्सकों ने 101 लोगों के स्वास्थ्य की जांच कर उन्हें मुफ्त में दवाइयां वितरित की। मोबाइल मेडिकल यूनिट के चिकित्सक डॉ. प्रमोद ने बताया कि शिविर में अधिकांश मरीज नार्मल बीमारियों से पीड़ति मिले। जिनका स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें दवाइयां दी गई। इस दौरान 9 लोगों के रक्त की जांच की गई। डॉ. प्रमोद ने बताया कि शिविर में लोगों के स्वास्थ्य की जांच कर उन्हें आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श प्रदान किया। इस दौरान लोगों के रक्तचाप, मधुमेह समेत विभिन्न सामान्य बीमारियों की जांच की गई। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम में लोगों को बीमारियों से बचने के लिए अपने खानपान पर ध्यान देना चाहिए। इस अवसर पर सांसद नवीन जिंदल के संसदीय कार्यालय प्रभारी धर्मवीर सिंह ने बताया कि सांसद नवीन जिंदल की पहल पर मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से गांवों और कस्बों में लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया जा रहा है। यूनिट की टीम लोगों को पौष्टिक भोजन खाने, सफा सफाई रखने, नियमित व्यायाम करने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के बारे में जानकारी दी जा रही है।

### रोटरी क्लब की नई कार्यकारिणी की इंस्टालेशन सेरेमनी चार जुलाई को

**रादौर।** रोटरी क्लब की नई कार्यकारिणी की इंस्टालेशन सेरेमनी का आयोजन 4 जुलाई को सफल पैलेस रादौर में किया जा रहा है। इस दौरान समाजसेवी भीम सिंह राठी बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। क्लब के मुख्य सलाहकार डॉ.एससी सैनी ने बताया कि कार्यक्रम में क्लब के नए प्रधान भारत माटिया, सचिव डॉ.शुभम सलूजा व अन्य पदाधिकारी नई कार्यकारिणी के सदस्यों के साथ शपथ ग्रहण करेंगे। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में क्लब की ओर से नए-नए प्रोजेक्टों पर कार्य करने के लिए रणनीति तय की जाएगी। इस अवसर पर प्रधान सरदार हरजीत सिंह सैनी, सचिव भारत माटिया, जसवंत सिंह बंचल, अशोक मिगलानी, आशु वर्मा, बलिंद्र, मास्टर देवीदयाल अरोड़ा, मास्टर गुरचरण सिंह, मोहित गर्ग, पंकज गोयल, संदीप सचदेवा, संदीप सैनी, ब्रह्मप्रकाश टंडन, सुनील माटिया, संदीप टोपरा, रविंद्र शर्मा, सुदेश बंसल, सुरेशपाल बंचल, संदीप अग्रवाल, डॉ.शुभम सलूजा व अशोक गर्ग आदि मौजूद थे।

## करोड़ों की स्मैक बरामद चार आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिला पुलिस ने अलग-अलग स्थानों से करोड़ों रुपये की स्मैक के साथ चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ के दर्ज कर उन्हें अदालत में पेश किया। जहां से उन्हें रिमांड पर लिया गया है।

एंटी नारकोटिक सेल की टीम के इंचार्ज अनिल कुमार की टीम को गुप्त सूचना मिली कि एक युवक विश्वकर्मा चौक के पास भारी मात्रा में नशीले पदार्थों के साथ लेकर घूम रहा है। टीम ने युवक को एक किलो 200 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया। इसके अतिरिक्त पुलिस चौकी हमीदा की टीम ने आनंद कॉलोनी पुराना हमीदा निवासी मोहसिन उर्फ मुन्ना को 102.84 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया। वहीं थाना प्रताप नगर पुलिस टीम ने थाना बिलासपुर के गांव बुड्ढी निवासी निवासी इकबाल खान उर्फ बाला व साजिद खान को 16.99 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया। आरोपियों को कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लिया गया है।

### प्रदेश के जिला नागरिक अस्पतालों में बदहाल हैं स्वास्थ्य सेवाएंः चोपड़ा

**यमुनानगर।** रेफर मुक्ति संघर्ष समिति फरीदाबाद के संयोजक एवं हरियाणा साइकिल यात्री सतीश चोपड़ा व सुनील कुमार ने यमुनानगर के नागरिक अस्पताल में एक दिवसीय सांकेतिक धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने हरियाणा के सिविल अस्पतालों की बदहाल स्वास्थ्य सेवाओं के खिलाफ धरना प्रदर्शन किया। समिति के संयोजक एवं साइकिल यात्री सतीश चौपड़ा ने बताया कि उन्होंने प्रदेश भर में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत बनाने के लिए प्रदेशव्यापी आंदोलन चलाया हुआ है। अब तक वह आंदोलन के दौरान प्रदेश के करीब 20 जिलों के नागरिक अस्पतालों में धरना प्रदर्शन कर चुके हैं। उन्होंने अपने साथी एवं साइकिल यात्री सुनील कुमार के साथ यमुनानगर के जिला नागरिक अस्पताल में सांकेतिक धरना प्रदर्शन किया। सतीश चोपड़ा ने बताया कि इससे पहले रेफर मुक्ति संघर्ष समिति द्वारा फरीदाबाद के नागरिक अस्पताल बादशाह खान के बाहर लगातार 294 दिनों तक धरना दिया जा चुका है।

### भाकियू(चढूनी) के सदस्यों ने ट्रेड डील के विरोध में नगर में निकाला रोष जुलूस

# बाजार में बिकेंगे अमेरिकी कृषि उत्पाद, हमें उठाना होगा घाटा

**जिला सचिवालय के समक्ष दिया धरना, ट्रेड डील रद्द नहीं करने पर दी देशव्यापी आंदोलन की चेतावनी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

अमेरिका-भारत ट्रेड डील के विरोध में भारतीय कियान यूनियन(चढूनी) से जुड़े किसानों ने मंगलवार को शहर में रोष जुलूस निकाला व लघुसचिवालय के समक्ष धरना प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी किसानों ने सरकार से अमेरिका के साथ ट्रेड डील नहीं करने की मांग की। उन्होंने सरकार को चेताया कि यदि ट्रेड डील हुई तो भाकियू बड़ा आंदोलन करने पर मजबूर होगी।

**जरूरत पड़ी तो जाएंगे दिल्ली, करेंगे संसद का घेराव**



यमुनानगर। अमेरिका-भारत ट्रेड डील के विरोध में रोष जुलूस निकालते भाकियू के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

मंगलवार को भारतीय किसान यूनियन(चढूनी) से जुड़े किसान जिला प्रधान संजू गुंदियाना के नेतृत्व में कन्हैया साहिब चौक के नजदीक एकत्र हुए और हाथों में यूनियन के झंडे लेकर नगर में रोष मार्च निकाला। बाद में रोष मार्च निकालते हुए किसान जिला सचिवालय के समक्ष पहुंचे और धरना प्रदर्शन करने लगे। मौके पर उन्होंने केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। यूनियन के जिला अध्यक्ष संजू गुंदियाना ने कहा कि केंद्र सरकार अमेरिका के साथ ट्रेड डील करने पर अमादा है। जिसे देश भर के किसान हरगिज बर्दाश्त नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि यदि किसानों के हितों को नजरअंदाज कर कोई समझौता किया गया तो देशभर में बड़ा आंदोलन छेड़ा जाएगा। उन्होंने कहा कि यदि इस ट्रेड डील पर हस्ताक्षर होते हैं तो इसका सीधा असर भारतीय किसानों पर पड़ेगा। उनका आरोप है कि समझौते के बाद अमेरिका से कृषि उत्पाद और खाद्य सामग्री कम शुल्क या बिना शुल्क के भारत में आ सकती हैं। जिससे घरेलू बाजार में भारतीय किसानों की फसलों के दाम प्रभावित होंगे। यहां के किसानों को और कम दाम में अपनी उपज बेचनी होगी। यूनियन के जिला प्रधान संजू गुंदियाना ने कहा कि अमेरिका में बड़े स्तर पर व्यावसायिक खेती की जाती है। जबकि भारत का किसान छोटी जोतों पर खेती कर अपने परिवार का पालन पोषण करता है। ऐसे में भारतीय किसान अमेरिकी किसानों से प्रतिस्पर्धा नहीं कर पाएगा। उन्होंने कहा कि यदि यह डील लागू होती है तो भारतीय किसानों को भारी नुकसान होगा। उन्होंने कहा कि इस संबंध में भारतीय कियान यूनियन द्वारा 25 जून को चंडीगढ़ स्थित किसान भवन में देशभर के किसान और मजदूर संगठनों की बैठक होगी। जिसमें बड़े आंदोलन को लेकर निर्णय लिया जाएगा। जरूरत पड़ी तो संसद, दिल्ली में मंत्रियों के घेराव जैसे कदम भी उठाए जाएंगे।

**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर यूनियन के जिला युवा प्रधान सन्दीप टोपरा ,डायरेक्टर मन्दीप रोड छप्पर, जिला महासचिव विक्रांत, संगठन सचिव राजीव कृष्ण पाल सुढल, राजेश शर्मा , कांग्रेस के ग्रामीण जिला प्रधान नगरपाल सिंह गुज्जर व कांग्रेस के शहरी जिला प्रधान देवेंद्र सिंह, नैब सिंह, राजकुमार, जसवीर शाहपुर, शुभम लेदी, जोगिन्द्र, शुभम कांबोज, किरण पाल, अनेज, लाली, जसमेर पम्मी ससोली व कांशी राम आदि मौजूद रहे।

**खबर संक्षेप**



## डीएलएसए ने लगाया जागरूकता शिविर

**थानेसर।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश दिनेश कुमार मित्तल के मार्गदर्शन तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सीजेएम एवं सचिव नीतिका भारद्वाज के दिशानिर्देशानुसार 26 जून 2026 को मनाए जाने वाले अंतर्राष्ट्रीय मादक द्रव्य दुरुपयोग एवं अवैध तस्करी निरोधक दिवस के उपलक्ष्य में पुलिस विभाग के सहयोग से जागरूकता शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इसी कड़ी में गांव छज्जूपुर, तलहेड़ी तथा आईटीआई पिहोवा में जागरूकता शिविर आयोजित किए गए।

## निर्जला एकादशी पर पूजन एवं छबील लगाई जाएगी

**थानेसर।** हर वर्ष की भांति श्री राधा रमण बिहारी मंदिर विवेकानंद कालोनी ढांड रोड़ में निर्जला एकादशी पर 25 जून को सर्वकल्याण की भावना से पूजन होगा। खादी ग्रामोद्योग संघ मिजार्पुर के मुख्य व्वस्थाक एवं सचिव सतपाल सैनी ने बताया कि इस मौके पर छबील का भी आयोजन होगा।

## साधना में जीवित सदगुरु की मुख्य भूमिका



**कुरुक्षेत्र।** श्रीदुर्गा देवी मंदिर पिपली, कुरुक्षेत्र के पीठाधीश और समर्थगुरु धारा हिमाचल के जोनल कोऑर्डिनेटर आचार्य डॉ. सुरेश मिश्रा ने बताया कि समर्थगुरु धाम, मुरथल, हरियाणा के संस्थापक समर्थगुरु सिद्धार्थ औलिया के निर्देशन में सिद्धार्थ ध्यान योग से चरैवेति तक की यात्रा के मुख्य 28 सोपान है। सभी कार्यक्रम वैज्ञानिकता और आध्यात्मिकता पर आधारित है। समर्थगुरू अधिकतर प्रवचनों में सभी को यही कहते है कि मानो मत, जानो अर्थात निजी अनुभव मुख्य है। परमगुरु ओशो ने भी अपने मुख्य प्रवचनों में यही कहा कि साधना में जीवित सदगुरु की मुख्य भूमिका होती है।

### योजना में संशोधन को लेकर कैबिनेट मंत्री ने सीएम का जताया आभार

# दयालु-2 : उपायुक्त पात्र उम्मीदवारों को दिलवाएं योजना का लाभ : पंवार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र




हरियाणा के विकास एवं पंचायत विभाग मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में हुई हरियाणा मंत्रिमंडल की बैठक में हरियाणा परिवार सुरक्षा न्याय (एचपीएसएन) की दीन दयाल उपाध्याय अंत्योदय परिवार सुरक्षा योजना (दयालु-2) में संशोधन को मंजूरी प्रदान की गई। इस योजना से संबंधित योग्य मामलों को उपायुक्त कुरुक्षेत्र आगे बढ़ाकर पात्र उम्मीदवारों को योजना का लाभ दिलवाया जाए। कैबिनेट मंत्री कृष्ण लाल पंवार मंगलवार को नये लघु सचिवालय में आयोजित लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक में बोल रहे थे। कैबिनेट मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने इस संशोधन पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का आभार व्यक्त किया। कैबिनेट मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने कहा कि योजना में संशोधन के अनुसार दावा प्रस्तुत करने की अवधि का विस्तार तथा पूर्वव्यापी राहत देते हुए अब सभी भविष्य के दावों के लिए दावा भरने की अवधि को मृत्यु / विकलांगता की तारीख से 3 महीने से बढ़ाकर 6 महीने की गई है। आज तक दायर किए गए सभी दावों के लिए 3 महीने की पूर्वव्यापी छूट (यानी मृत्यु / विकलांगता की तारीख से 6 महीने तक) की अवधि होगी। इसके साथ ही स्तरीकृत विलालम्ब क्षमा तंत्र में अब भविष्य के सभी दावों के लिए निम्नानुसार प्रत्यायोजित शक्तियों के साथ एस स्तरित विलम्ब क्षमा तंत्र होगा।

### एक संरचित शिकायत निवारण तंत्र स्थापित होगा

कैबिनेट मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने कहा कि इसके तहत 6 महीने से अधिक और 7 महीने तक की देरी के लिए मुख्य कार्यकारी अधिकारी, एचपीएसएन और 7 महीने से अधिक और 9 महीने तक की देरी के लिए अतिरिक्त मुख्य सचिव, वित्त विभाग तथा 9 महीने से अधिक और 12 महीने तक की देरी के लिए वित्त मंत्री को शक्तियां दी गई है। इस योजना में अब एक संरचित शिकायत निवारण तंत्र स्थापित किया जाएगा, जिसमें उपायुक्त (डीसी) क्षेत्र स्तर के अधिकारियों के रूप में कार्य करेंगे और मुख्यालय स्तर पर मौजूदा अधिकारियों को अतिरिक्त अ०सां०का०वि० के जिला सांख्यिकीय अधिकारी जिला स्तर पर दयालु-1 योजना के नोडल अधिकारी के रूप में कार्य करेंगे। बैठक में थानेसर विधायक अशोक अरोड़ा, शाहाबाद विधायक रामकरण, उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा, पुलिस अधीक्षक चंद्र मोहन, एसडीएम अमन कुमार, एसडीएम अनुभव मेहता, एसडीएम शंभू राठी, जिला परिषद सीईओ वीरेंद्र चौधरी, चेयरमैन रविंद्र सांगवान सहित लोक संपर्क व कष्ट निवारण समिति के सरकारी व गैर सरकारी सदस्य मौजूद रहे।

# मथाना की आशा वर्कर्स ने किया ऑनलाइन काम का पूर्ण बहिष्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

आशा वर्कर्स यूनियन हरियाणा की जिला कमेटी कुरुक्षेत्र के आह्वान पर मथाना की समस्त आशा वर्कर्स ने विभिन्न सरकारी ऐप्स और पोर्टल्स पर किए जाने वाले ऑनलाइन काम (डाटा एंट्री) का पूर्ण रूप से बहिष्कार करने का निर्णय लिया है। इस संबंध में यूनियन पदाधिकारियों द्वारा मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी को एक आधिकारिक ज्ञापन सौंपा गया। यूनियन के जिला प्रधान मनजीत और जिला सहसचिव कुशमलता ने संयुक्त बयान में बताया कि विभाग द्वारा आशा वर्कर्स पर बिना आवश्यक संसाधन और प्रशिक्षण के ऑनलाइन काम करने का अनुचित दबाव बनाया जा रहा है, जिसके विरोध में यह कदम उठाना पड़ा है।



कुरुक्षेत्र। बैठक में मौजूद आशा वर्कर्स।

### मानदेय रोका तो आंदोलन होगा तीव्र

विभाग द्वारा आशा वर्कर्स को काम करने के लिए न तो उचित स्मार्टफोन उपलब्ध कराए गए हैं और न ही इंटरनेट/डाटा रिचार्ज का कोई खर्च दिया जा रहा है। वर्कर्स को अपने निजी खर्च पर यह काम करने के लिए मजबूर किया जा रहा है। अत्यंत अल्प मानदेय में काम करने वाली आशा वर्कर्स पर चौबीसों घंटे ऑनलाइन रिपोर्टिंग का अनुचित दबाव रहता है। जमीनी स्तर पर स्वास्थ्य सेवाएं देने के बाद वर्कर्स के पास इतना समय ही नहीं बचता कि वे ऑनलाइन एंट्री कर सकें। यूनियन ने प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि इस विरोध के दौरान किसी भी आशा वर्कर का मानदेय रोका गया या उन पर कोई दंडात्मक कार्रवाई की गई, तो यूनियन इसके खिलाफ एक तीव्र और उग्र आंदोलन शुरू करने के लिए बाध्य होगी, जिसकी पूरी जिम्मेदारी स्वास्थ्य विभाग और स्थानीय प्रशासन की होगी।

## एसआईआर फॉर्म कई तकनीकी खामियों से भरा : गोयल



**कुरुक्षेत्र।** आम आदमी पार्टी हरियाणा लीगल सेल के प्रदेश उपाध्यक्ष जवाहर लाल गोयल ने चुनाव विभाग द्वारा मतदाताओं के सत्यापन के लिए जारी एसआईआर (स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन) फॉर्म पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि फॉर्म में दी गई जानकारी अधूरी और अस्पष्ट है, जिससे आम मतदाता यह समझ ही नहीं पा रहा कि उसे फॉर्म किस प्रकार भरना है। आप पार्टी के जिला कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में बोलते हुए एडवोकेट गोयल ने कहा कि मतदाता सूची को शुद्ध और पारदर्शी बनाने के लिए चुनाव आयोग की पहल सराहनीय है, लेकिन इसके लिए जारी किया गया एसआईआर फॉर्म कई तकनीकी खामियों से भरा हुआ है। उन्होंने कहा कि फॉर्म में दिए गए कई कॉलम स्पष्ट नहीं हैं और पीछे दी गई टिप्पणियां भी मतदाताओं को यह समझाने में विफल हैं कि उनसे वास्तव में कौन-सी जानकारी मांगी जा रही है। इसके कारण मतदाताओं को अपनी वोट और संबंधित विवरण खोजने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पत्रकार वार्ता में मौजूद आम आदमी पार्टी के कुरुक्षेत्र लोकसभा क्षेत्र प्रभारी सुमित हिंदुस्तानी ने भी एसआईआर फॉर्म को लेकर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि फॉर्म की जटिलता और अस्पष्टता मतदाताओं को गुमराह करने का काम कर रही है।

## कर्मचारियों की मांगों को लेकर एएचपीसी वर्कर यूनियन पिहोवा ने की गेट मीटिंग



**पिहोवा।** बिजली विभाग की एएचपीसी वर्कर यूनियन द्वारा आज उपमंडल अधिकारी, सब अर्बन सब डिवीजन नंबर-1, मुर्तजापुर के कार्यालय के समक्ष कर्मचारियों की विभिन्न मांगों को लेकर गेट मीटिंग आयोजित की गई। गेट मीटिंग की अध्यक्षता सब यूनिट प्रधान मुकेश गोस्वामी ने की तथा संचालन सब यूनिट सचिव श्री सुरेन्द्र कुमार ने किया। गेट मीटिंग में कर्मचारियों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। यूनियन ने कहा कि डेरा बाजीगर को शिकायत केंद्र भेरियां के अधीन आदेश अनुचित हैं, क्योंकि भेरियां केंद्र काफी दूर पड़ता है जबकि उसके निकट अन्य शिकायत केंद्र उपलब्ध हैं। यूनियन ने राहुल एएलएम के जीएससी से भेरियां तबादले का भी विरोध किया। वक्ताओं ने कहा कि एक ओर जीएससी में कार्यभार अधिक होने पर एमसीओ का कार्य भी शिकायत केंद्रों पर संचालित होने की बात कही जा रही है, वहीं दूसरी ओर वहां से कर्मचारी को हटाया जा रहा है। इससे कर्मचारियों में रोष व्याप्त है। यूनियन ने मांग की कि एमसीओ का कार्य जीएससी में ही संचालित किया जाए तथा मेडिकल डिस्क की समस्या से पीड़ति कर्मचारी महेन्द्र वर्मा एएफएम को कार्यालय में बैठकर किए जाने वाले कार्य की जिम्मेदारी दी जाए। यूनिट सचिव गुरचरण संधू ने कहा कि कर्मचारियों की मांगों का समाधान वार्ता के माध्यम से शीघ्र किया जाए। यदि मांगों का समाधान नहीं हुआ तो यूनियन को अनिश्चितकालीन आंदोलन शुरू करने के लिए मजबूर होना पड़ेगा।

### क्षत्रिय सभा चुनाव पर हाईकोर्ट का बड़ा हस्तक्षेप

*19 जून के आदेश की सूचना न देने पर सख्ती*

# परिणाम पर रोक, 29 जून को होगी अगली सुनवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

क्षत्रिय सभा चुनाव को लेकर चल रहे विवाद में पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने महत्वपूर्ण आदेश जारी करते हुए चुनाव परिणाम घोषित करने पर फिलहाल रोक लगा दी है। न्यायमूर्ति विक्रम अग्रवाल की अदालत ने राज्य सरकार से यह स्पष्ट करने को कहा है कि 19 जून 2026 को जारी आदेश की जानकारी याचिकाकर्ता मोहिंद्र सिंह तंवर को कब और किस माध्यम से दी गई थी। मामले की सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता विवेक गोयल ने अदालत को बताया कि 19 जून के आदेश की प्रति या उसकी सूचना याचिकाकर्ता को उपलब्ध नहीं कराई गई, जबकि इसके बावजूद 23 जून को मतगणना निर्धारित कर दी गई। इस पर अदालत ने गंभीरता दिखाते हुए राज्य पक्ष से जवाब तलब किया।

### जानकारी एकत्र करने के लिए समय मांगा

हरियाणा सरकार की ओर से उपस्थित अतिरिक्त महाधिवक्ता ने अदालत से आवश्यक निर्देश प्राप्त करने और तथ्यात्मक जानकारी एकत्र करने के लिए समय मांगा। अदालत ने राज्य सरकार को निर्देश दिया कि 19 जून के आदेश से संबंधित संपूर्ण रिकॉर्ड तथा आदेश के संप्रेषण का विवरण अगली सुनवाई पर प्रस्तुत किया जाए। सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से यह आश्वासन भी दिया गया कि अगली सुनवाई तक चुनाव परिणाम घोषित नहीं किए जाएंगे। इस आश्वासन को रिकॉर्ड पर लेते हुए हाईकोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 29 जून 2026 निर्धारित कर दी है। गौरतलब है कि मोहिंद्र सिंह तंवर ने क्षत्रिय सभा चुनाव प्रक्रिया को चुनौती देते हुए हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। अब अदालत के इस आदेश के बाद चुनाव परिणाम पर अस्थायी विराम लग गया है और सभी पक्षों की निगाहें 29 जून को होने वाली अगली सुनवाई पर टिकी हैं।

## 5 जुलाई को सीएम आवास पर डटेगा चौकीदारों का हुजूम

### मांगों को लेकर राज्यस्तरीय पड़ाव का ऐलान

**कुरुक्षेत्र।** ग्रामीण चौकीदार सभा जिला कुरुक्षेत्र की बैठक सोमवार को आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सतीश कुमार ने की, जबकि संचालन बलवान सिंह ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए सतीश कुमार और बलवान सिंह ने कहा कि ग्रामीण चौकीदार गांवों में सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं उपलब्धियों को आमजन तक पहुंचाने का महत्वपूर्ण कार्य करते हैं। चौकीदार गांव में 24 घंटे सेवाएं देते हैं, लेकिन वर्तमान में उन्हें मात्र 11 हजार रुपये मासिक मानदेय दिया जा रहा है, जिससे बढ़ती महंगाई के दौर में परिवार का पालन-पोषण करना बेहद कठिन हो गया है। उन्होंने कहा कि वेतन वृद्धि सहित विभिन्न मांगों को लेकर कई बार सरकार को ज्ञापन सौंपे जा चुके हैं, लेकिन अब तक कोई सकारात्मक कार्रवाई नहीं हुई है। सरकार लगातार चौकीदारों की समस्याओं की अनदेखी कर रही है। इसी के विरोध में प्रदेशभर के ग्रामीण चौकीदार 5 जुलाई को मुख्यमंत्री आवास पर राज्य स्तरीय पड़ाव डालेंगे और अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन करते हुए मांग पत्र सौंपेंगे। सभा के राज्य प्रधान मदन ने बताया कि आंदोलन में प्रदेशभर से बड़ी संख्या में चौकीदार भाग लेंगे। उन्होंने सरकार से मांगों का शीघ्र समाधान करने की अपील की। प्रमुख मांगें उच्च न्यायालय के फैसले को लागू किया जाए। चौकीदारों को नियमित (पक्का) किया जाए तथा तब तक 30 हजार रुपये न्यूनतम वेतन लागू किया जाए। ग्रामीण चौकीदारों को ईएसआई का लाभ दिया जाए। चारों लेबर कोड रद्द किए जाएं। प्रत्येक माह की 7 तारीख तक मानदेय का भुगतान सुनिश्चित किया जाए।

# सरोवर पर फैली बदबू व गंदगी के कारण श्रद्धालुओं को हो रही परेशानी : अरोड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



थानेसर के विधायक अशोक अरोड़ा ने कष्ट निवारण समिति की बैठक में ऐतिहासिक ब्रह्मसरोवर की सफाई व्यवस्था को लेकर सवाल खडे किए। अशोक अरोड़ा ने कहा कि ब्रह्मसरोवर पर सफाई व्यवस्था इतनी डगमगा गई है कि वहां से निकलना भी मुश्किल हो गया है। चारो ओर बदबू फैली हुई है। कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड इस ओर कोई ध्यान नही दे रहा। ब्रह्मसरोवर पर चरमराई सफाई व्यवस्था के कारण वहां से निकलना भी दुभर है। 15 जून को सोमावती अमावस्या पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु पवित्र सरोवर में स्नान करने आए थे। उस समय से लेकर आज 10 दिन हो गए केडीबी ने कोई सफाई नही करवाई। उन्होने कहा कि यह सरोवर एशिया का सबसे बड़ा व पवित्र सरोवर है, यहां पर लाखों की संख्या में श्रद्धालु स्नान करने आते हैं। सरोवर पर सफाई व्यवस्था का बुरा हाल है और श्रद्धालुओं को मुंह पर कपड़ा बांधकर वहां सें निकलना पड़ता है। सरोवर के पानी में दुर्गंध फैली हुई है। इस पर जिला कष्ट निवारण समिति की अध्यक्षता कर रहे हरियाणा सरकार के पंचायत एवं विकास मंत्री कृष्ण पंवार ने उपायुक्त को ब्रह्मसरोवर की सफाई व्यवस्था का निरीक्षण करने के निर्देश दिए। अशोक अरोड़ा ने बैठक में अंसल सुशांत सिटी के नागरिकों द्वारा उठाई गई समस्या का समर्थन करते हुए कहा कि कॉलोनाईजर मामला दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जाए, जिस पर मंत्री ने कॉलोनाईजर के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के आदेश दिए। अशोक अरोड़ा ने कहा कि जब यह क्षेत्र नगर परिषद के अंतर्गत आता है तो वहां के लोगों को सुविधा भी नगर परिषद को देनी चाहिए।



## पल्स पोलियो अभियान को सफल बनाने के लिए लगाई ड्यूटियां

**लाडवा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाडवा में वरिष्ठ चिकित्साधिकारी डॉ. कृष्णकांत की अध्यक्षता में पल्स पोलियो अभियान को सफल बनाने हेतु आशा वर्करों, आंगनवाड़ी वर्करों एवं स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में डॉ. कृष्ण कांत ने बताया कि आगामी पल्स पोलियो अभियान के अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाडवा के कार्यक्षेत्र में लगभग 1,15,044 की जनसंख्या पर 0 से 5 वर्ष आयु वर्ग के 11,011 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। अभियान के सफल संचालन के लिए 86 पोलियो बूथ स्थापित किए गए हैं तथा पोलियो की दवा पिलाने हेतु 242 कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। उन्होंने बताया कि अभियान के दूसरे चरण में घर-घर जाकर बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने के लिए 114 टीमें गठित की गई हैं तथा उनके कार्यों की निगरानी एवं संचालन के लिए 10 सुपरवाइजर नियुक्त किए गए हैं।

# जांच एवं माप शिविर में 49 लाभार्थी चयनित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



जिला रेडक्रॉस सोसाइटी एवं एलिम्को के संयुक्त तत्वावधान में उपायुक्त एवं प्रधान जिला रेड क्रॉस विश्राम कुमार मीणा के मार्गदर्शन में अनाज मंडी लाडवा की धर्मशाला में दिव्यांगजनों एवं वरिष्ठ नागरिकों के लिए निशुल्क जांच एवं माप शिविर आयोजित किया गया। इस शिविर में एलिम्को की टीम द्वारा दिव्यांगजनों और 60 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों की आंखों, कानों तथा अन्य आवश्यक जांच कर सहायक उपकरणों के लिए माप लिए गए। इस जांच शिविर में 49 दिव्यांग एवं बुजुर्ग लाभार्थियों का चयन किया गया, जिन्हें आगामी चरण में एलिम्को के माध्यम से आवश्यक उपकरण प्रदान किए जाएंगे। भारत विकास परिषद के प्रांतीय संगठन सचिव अरविंद सिंघल अधिवक्ता ने इस शिविर में विशेष तौर पर शिरकत की। उन्होंने कहा कि ऐसे दिव्यांगजन और वरिष्ठ नागरिकों के लिए ऐसे शिविरों का आयोजन समय समय पर होने से उनकी आवश्यकता जल्दी पूरी हो जाती है, इन शिविरों के माध्यम से मिलने वाले सामान से वो उनकी दिनचर्या के कार्यों में काफी आसानी हो जाती है। उनके साथ भारत विकास परिषद के वरिष्ठ सदस्य नवीन गर्ग भी मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा 24 जून को पिहोवा नगरपालिका में, 25 जून को खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्यालय इस्माइलाबाद तथा 26 जून को रैड क्रॉस भवन सेक्टर 13 कुरुक्षेत्र में इन शिविर का आयोजन किया जाएगा।



## श्रीशिव महापुराण कथा के उपलक्ष्य में श्याम कॉलोनी से निकाली भव्य कलश यात्रा

**कुरुक्षेत्र।** श्रीस्थाणु सेवा मंडल, कुरुक्षेत्र द्वारा श्रीमहंत प्रभात पुरी कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में 22 जून से 29 जून तक आयोजित होने वाली आठ दिवसीय श्रीशिव महापुराण कथा के उपलक्ष्य में सोमवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा श्याम कॉलोनी से प्रारंभ होकर श्रीमहंत प्रभात पुरी विद्यालय तक पहुंची। यात्रा में स्थानेश्वर महादेव मंदिर महिला मंडल की 21 महिलाओं ने सिर पर कलश धारण कर श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ भाग लिया। श्री महंत बंशीपुरी महाराज ने हरी झंडी दिखाकर यात्रा का शुभारंभ किया। यात्रा के समापन के बाद श्रीमहंत बंशीपुरी महाराज ने विधिवत पूजा-अर्चना कर कथा आयोजन का शुभारंभ किया। उन्होंने भगवान शिव की महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि शिव कल्याणकारी प्रभु हैं और अपने भक्तों पर शीघ्र प्रसन्न होने वाले देव हैं। उन्होंने कहा कि भगवान शिव के बिना जीवन अधूरा है तथा उनकी आराधना से मनुष्य का कल्याण होता है। व्यासपीठ से कथा का शुभारंभ करते हुए कथावाचक पंडित राजेंद्र पराशर ने कहा कि त्याग, तपस्या और प्रेम के मार्ग पर चलकर मनुष्य अपने चारों पुरुषार्थ प्राप्त कर सकता है, लेकिन परमात्मा की प्राप्ति के लिए हृदय में सच्ची उत्कंठा और श्रद्धा का होना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि संतों के मार्गदर्शन से ही मनुष्य कथा-सत्संग से जुड़कर अपने जीवन को सफल और सार्थक बना सकता है।

**अभ्यास** | विभागों ने दिखाया बेहतरीन समन्वय, सायरन सुनते ही कार्यालय से बाहर निकल आए कर्मचारी

*फायर विभाग, गृहरक्षी विभाग, एसडीआरएफ तथा पुलिस विभाग ने निभाई भागीदारी*

# लघु सचिवालय में आगजनी से निपटने के लिए मॉक ड्रिल, दो कर्मचारियों को सुरक्षित निकाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

लघु सचिवालय के प्रथम तल पर आग लगने की काल्पनिक स्थिति बनाकर मंगलवार को सफल मॉक ड्रिल आयोजित की गई। इस दौरान आगजनी की घटना में फंसे दो कर्मचारियों को सुरक्षित बाहर निकालकर प्राथमिक स्वास्थ्य जांच भी करवाई गई। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा के निर्देश पर आयोजित इस मॉक ड्रिल में उपायुक्त कार्यालय, फायर विभाग, गृहरक्षी विभाग, एसडीआरएफ तथा पुलिस विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने



सक्रिय भागीदारी निभाई। मॉक ड्रिल के अनुसार दोपहर करीब तीन बजे अचानक सायरन बजाया गया। सायरन की आवाज सुनते ही सचिवालय में कार्यरत कर्मचारी अपने-अपने कार्यालयों से बाहर निकल आए। इसी दौरान प्रथम तल से धुआं निकलता दिखाई दिया, जिससे आग लगने की स्थिति का आभास कराया गया। सभी अधिकारी एवं कर्मचारी निर्धारित सुरक्षा प्रक्रिया का पालन करते हुए सीढ़ियों के माध्यम से भवन से बाहर निकले।

### स्वास्थ्य परीक्षण भी कराया गया

सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर पहुंच गईं। दमकल कर्मियों ने सीढ़ियों की सहायता से प्रथम तल तक पहुंचकर आग पर काबू पाया और वहां फंसे दो कर्मचारियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। इसके बाद दोनों का स्वास्थ्य परीक्षण भी कराया गया। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि लघु सचिवालय में आगजनी जैसी आपात परिस्थितियों से निपटने के लिए यह मॉक ड्रिल आयोजित की गई है। उन्होंने बताया कि कुछ समय पूर्व सचिवालय के एनआईसी विभाग में आग लगने की घटना हुई थी। इसके अलावा रोहतक और लखनऊ सहित अन्य स्थानों पर भी ऐसी घटनाएं सामने आई हैं। इन घटनाओं से सबक लेते हुए सभी संस्थानों और नागरिकों को सुरक्षा के प्रति जागरूक रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि घरों, कार्यालयों और संस्थानों में आग से बचाव तथा आपदा प्रबंधन के लिए आवश्यक उपकरण और व्यवस्थाएं उपलब्ध होनी चाहिए, ताकि किसी भी आपात स्थिति में नुकसान को कम किया जा सके। फायर अधिकारी संदीप ने बताया कि जिले में फायर विभाग के पास 20 दमकल वाहन तथा 104 कर्मचारियों का स्टाफ उपलब्ध है, जो सप्ताह के सातों दिन 24 घंटे अलर्ट मोड पर कार्य करता है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि आगजनी की किसी भी घटना की सूचना तुरंत फायर विभाग को दें, ताकि समय रहते प्रभावी कार्रवाई की जा सके। मॉक ड्रिल के दौरान उपायुक्त कार्यालय, फायर विभाग, गृहरक्षी विभाग, एसडीआरएफ तथा पुलिस विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों ने समन्वय के साथ अपनी जिम्मेदारियां निभाईं।

